डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश
DR. A.P.J. ABDUL KALAM TECHNICAL UNIVERSITY
सेक्टर–11, जानकीपुरम विस्तार योजना, लखनऊ–226031

पत्रांकः ए0के0टी0यू0 / अधि0 छात्र क0 / 2024 / 337 दिनांकः 06-12-2024

सेवा में,

निदेशक / प्राचार्य,
डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ
से सम्बद्ध समस्त संस्थान।

विषयः–राजभवन, उत्तर प्रदेश, लखनऊ में अन्य राज्यों के स्थापना दिवस मनाये जाने हेतु सूचना उपलब्ध कराये जाने के संबंध में।

महोदय / महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक विशेष सचिव, श्री राज्यपाल सचिवालय, उ0प्र0 लखनऊ के पत्र संख्याः जी–5664 / सा–2–55 / जी0एस0 दिनांक 30 नवम्बर, 2024 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। (पत्र संलग्न) उक्त पत्र के माध्यम से श्री राज्यपाल सचिवालय, उ0प्र0 लखनऊ द्वारा यह सूचित किया गया है कि राजभवन द्वारा पूर्व प्रेषित पत्र संख्याः जी–5543 / जी0एस0 दिनांक 25 नवम्बर, 2024 में उल्लिखित कार्यक्रम में अपरिहार्य कारणों से परिवर्तन करते हुए नागालैंड तथा आसाम राज्य का स्थापना दिवस अब एक साथ दिनांक 10 दिसम्बर, 2024 को सायंकाल 05.00 बजे मनाया जाना सुनिश्चित किया गया है।

अतः आपसे अपेक्षा है कि राजभवन, लखनऊ के उपर्युक्त पत्र में उल्लिखित राज्यों एवं उनसे संबंधित कार्यक्रम में निर्धारित तिथि व समय पर प्रतिभाग करने हेतु उपरोक्त राज्यों के शिक्षक, अधिकारी / कर्मचारीगण एवं संस्थान में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं को निर्देशित करते हुए संबंधितों का विवरण (पता एवं मोबाइल नं0 सहित) प्रदेशवार अलग–अलग बनाकर विश्वविद्यालय को ई–मेल dean.sw@aktu.ac.in पर दिनांक 07 दिसम्बर, 2024 अपरान्ह 03.00 बजे तक उपलब्ध कराने का कष्ट करें, जिससे उपरोक्त आयोजित होने वाले कार्यक्रम में सम्मिलित होने हेतु वांछित सूचना विशेष सचिव, श्री राज्यपाल सचिवालय, उ0प्र0 लखनऊ को यथासमय प्रेषित की जा सके।

संलग्नकः यथोक्त।

भवदीय

(रीना सिंह)
कुलसचिव

पृष्ठांकन सं0 व दिनांकः–उपरोक्त

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. वित्त अधिकारी / परीक्षा नियंत्रक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
2. समस्त अधिष्ठाता / जन सम्पर्क अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
3. स्टाफ आफिसर, कुलपति कार्यालय, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।

(रीना सिंह)
कुलसचिव

राज्यपाल सचिवालय, उ0प्र0
लखनऊ।
पत्रांक जी– 5664/सा–2–55/जी0एस0
दिनांक 30 नवम्बर 2024

प्रेषक,

विशेष सचिव, श्री राज्यपाल,
उत्तर प्रदेश,
लखनऊ।

सेवा में,

कुलपति/निदेशक,
1. संजय गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ।
2. डा0 शंकुतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ।
3. अटल बिहार बाजपेई चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ।
4. डा0 राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ।
5. किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ।
6. लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
7. ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ।
8. डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ।
9. भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय, लखनऊ।
10. डा0 भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ।
11. डा0 राम मनोहर लोहिया विधि विश्वविद्यालय, लखनऊ।

महोदय,

कृपया राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश के पत्र संख्या जी– 5543/जी0एस0 दिनांक 25 नवम्बर, 2024 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। जिसके द्वारा दिनांक 01 दिसम्बर को नागालैण्ड एवं 02 दिसम्बर को आसाम राज्य का स्थापना दिवस राजभवन उत्तर प्रदेश में मनाये जाने का निर्णय हुआ था।

2. इस सबंध में मुझे आपसे यह कहने का निदेश हुआ है कि उक्त तिथियों (दिनांक 01 दिसम्बर एवं 02 दिसम्बर) क्रमशः नागालैण्ड एवं आसाम राज्य के स्थापना दिवस मनाने का प्रस्तावित कार्यक्रम अपरिहार्य कारणों से (तत्काल प्रभाव से) स्थगित/ निरस्त कर दिया गया है । उपरोक्त राज्यों (नागालैण्ड एवं आसाम) का स्थापना दिवस अब एक साथ दिनांक 10 दिसम्बर, 2024 को सायंकाल 05.00 बजे मनाया जाना सुनिश्चित हुआ है।

अतः आपसे अनुरोध है कि दिनांक 10 दिसम्बर, 2024 को सायंकाल 5.00 बजे उपरोक्त राज्यों के शिक्षक,अधिकारी/कर्मचारीगण एवं छात्रों को सम्मिलित किये जाने के संबंध में आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

भवदीय,
30.11.24
(श्रीप्रकाश गुप्ता)
विशेष सचिव श्री राज्यपाल, उ0प्र0।

प्रतिलिपि–अपर मुख्य सचिव श्री राज्यपाल के निजी सचिव को अपर मुख्य सचिव महोदय के संज्ञानार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि– उप सचिव, शिक्षा अनुभाग, राजभवन को इस आशय से प्रेषित कि वह उपरोक्त विश्वविद्यालयों के कुलपति/कुलसचिव से समन्वय स्थापित कर संबधित राज्य के निवासितों की सूची तथा नोडल अधिकारी का नाम ज्ञात करने के साथ संबंधित विश्वविद्यालयों अधिकारी/अध्यापक/छात्र/छात्राओ को कार्यक्रम प्रारम्भ होने से 15 मिनट पूर्व कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित होने हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करायें।

(श्रीप्रकाश गुप्ता)
विशेष सचिव श्री राज्यपाल, उ0प्र0।

986
03/12/24
4013
04/12/24
Registrar
DSW
Asso. DSW